कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
Tel--05944-242400 e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com

# "ई–निविदा सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा नगर निगम, रूद्रपुर में 02 वर्ष की अवधि के लिये आउटसोर्स के माध्यम से मानवशक्ति की आपूर्ति, वित्तीय वर्ष 2023–24 में नगर निगम कार्यालय में लेखन सामाग्री की आपूर्ति एवं 01 वर्ष के लिये नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पहाडगंज स्थित ट्रंचिग ग्राउण्ड में एन0एच0 पर आने वाले कूडे को पीछे धकेलने हेतु इच्छुक फर्मो/सेवाप्रदातों/एजेन्सीयों/आपूर्तिकताओं से दिनांक 25.03.2023 की प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 10.04.2023 की सांय 05:00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के अन्तर्गत पृथक–पृथक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11.04.2023 को दोपहर 12:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। ई–निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी /शर्ते उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** तथा नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट **www.nagarnigamrudrapur.com** से डाउनलोड की जा सकती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजें तक नगर निगम, रूद्रपुर कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।

–ह0–
(विशाल मिश्रा)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर, (ऊ0सिं0 नगर)

–ह0–
(रामपाल सिंह)
महापौर
नगर निगम, रूद्रपुर, (ऊ0सिं0 नगर)

कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
Tel--05944-242400 E-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांक – 3833 / मुख्य कार्या0 / 2022–23 दिनांक– 24 मार्च, 2023

<u>प्रतिलिपिः</u>– निम्न कों सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर ।
2. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय वरिष्ठ कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
4. कार्यालय उपजिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
5. कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।
6. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना को 6X8 सेमी0 साईज में अपनी व्यवसायिक दरों में 30 प्रतिशत या उससे अधिक छूट देते हुए अपने समाचार पत्र के आगामी अंक मे प्रकाशन का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल के साथ समाचार पत्र की दो प्रति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. श्री तपन कुमार राय, डा.ई.आ., नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना एव निविदा की शर्तो को उपरोक्तानुसार उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in एवं नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel 05944-242400 E-mail-nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com


## नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत एन0 एच0 74 मोहल्ला पहाड़गंज स्थित ट्रंचिंग ग्राउण्ड पर दैनिक रूप से एकत्र होने वाले अपशिष्ट को 01 वर्ष की अवधि तक दैनिक रूप से एन एच 74 से पीछे की ओर धकेलने हेतु ई–निविदा

निविदा फार्म का मूल्य रू0 2000 + 360.00(**GST**) = रू0 2,360.00

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत एन0 एच0 74 मोहल्ला पहाड़गंज स्थित ट्रंचिंग ग्राउण्ड पर दैनिक रूप से एकत्र होने वाले अपशिष्ट को 01 वर्ष की अवधि तक (जिसे आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है) दैनिक रूप से एन एच 74 से पीछे की ओर धकेलने हेतु इच्छुक सेवाप्रदाताओं/फर्मों/एजेन्सीयों आदि से निम्न की–डेट्स के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं –

| S.No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Date Of Online Publication | 25.03.2023 | 11:00 am |
| 2. | Documents Download Start Date | 25.03.2023 | 11:00 am |
| 3. | Bid Submission Start Date | 25.03.2023 | 11:00 am |
| 4. | Pre Bid Date | 31.03.2023 | 11:00 am |
| 5. | Bid Submission End Date | 10.04.2023 | 05:00 pm |
| 6. | Submission of Hard/Original Copy of Documents: End Date | 11.04.2023 | 11:00 am |
| 7. | Bid Opening Date | 11.04.2023 | 12:00 pm |

निविदा की शर्ते निम्नवत् है –

1. वित्तीय निविदा BOQ प्रारूप में रहेगी तथा निविदाता का चुनाव न्यूनतम प्रस्तुत दार के आधार पर किया जायेगा। निविदादाता को BOQ में अपनी **मासिक दर** समस्त करों सहित अंकित करनी होगी।
2. प्रत्येक निविदादाता को एक ही निविदा डालने (Submit) का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा डालने पर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत समस्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा।
3. ई–निविदा दो भागों में (तकनीकी एवं वित्तीय) डाली जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी तथा तकनीकी निविदा में अर्ह निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
4. बिड डालने हेतु निम्न प्रपत्र अपलोड करने अनिवार्य होंगे। किसी भी वांछित प्रपत्र के अपलोड न होने की स्थिति तथा अपठनीय होने की दशा में बिड निरस्त कर दी जायेगी–

   I. निविदा की अनुमानित लागत रू0 27.00 लाख है। निविदादाता को निविदा की धरोहर धनराशि रू0 54,000.00 (चौवन हजार रूपये मात्र) की एफडीआर जो नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर के नाम बन्धक हो, को तकनीकी निविदा के साथ की डेट्स के अनुसार मूल रूप में संलग्न करना होगा तथा ऑरिजनल कॉपी को स्कैन कर अपलोड करना होगा।

   II. निविदा प्रपत्र उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर डाउनलोड व अपलोड किये जायेंगे तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाईट के साथ–साथ नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com पर भी देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट डाउनलोड किये जाने की दशा में निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 2,360.00 (दो हजार तीन सौ साठ रूपये मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट की ओरिजनल कॉपी को स्कैन कर अपलोड करना होगा। निविदा प्रपत्र मूल्य केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा।

III. निविदादाता को आयकर पंजीकरण प्रमाण पत्र (पैन कार्ड) को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी।

IV. निविदादाता का जी0एस0टी0 पंजीकरण होना अनिवार्य होगा तथा जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी।

V. निविदादाता को विगत 03 वित्तीय वर्षों (2019–20, 2020–21 व 2021–22) के आई0टी0आर0 को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा। वर्ष 2021–22 की आई0टी0आर0 उपलब्ध न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2018–19 की आई0टी0आर0 भी मान्य होगी।

VI. निविदादाता को रू0 100.00 के नोटरीकृत शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि पूर्व में उसकी फर्म को सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है. को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी मूल प्रति संलग्न करना होगा।

VII. निविदादाता को रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी मूल प्रति संलग्न करना होगा।

5. अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण होने पर सफल निविदादाता को रू0 81,000.00 (इकासी हजार रूपये मात्र) की एफ.डी. आर जो नगर आयुक्त, नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर का के पदनाम बन्धक हो, कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में अनुबन्ध होने की तिथि से आगामी 01 सप्ताह के अन्दर नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, जो अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने के पश्चात् नियमानुसार वापस की जा सकती है।
6. उक्त कार्य की अवधि 01 वर्ष की होगी (जिसे आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है), जिसके दौरान सफल निविदादाता को सुनिश्चित करना होगा कि नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत एन0 एच0 74 मोहल्ला पहाड़गंज स्थित ट्रंचिंग ग्राउण्ड पर एकत्र होने वाला किसी भी दशा में एन एच 74 से कम से कम 3 मीटर पीछे रहेगा तथा किसी भी में एन 74 पर न आए।
7. यदि किसी समय यह पाया गया कि कूड़ा सड़क पर आ रहा है तो नगर निगम द्वारा सूचित किए जाने पर सफल निविदाता को तत्काल कूड़े को पीछे की ओर धकेलने की व्यवस्था करनी होगी। अन्यथा की दशा में सफल निविदादाता के बिल से 01 दिन के बराबर को देय धनराशि काट ली जायेगी।
8. प्रश्नगत स्थान पर सफल निविदादाता द्वारा लगाए गए वाहनों (पोकलेण्ड, जेसीबी, डम्पर आदि) हेतु ऑपरेटर/वाहन चालक, वाहनों के रख–रखाव, ईंधन इत्यादि पर होने वाले व्यय को स्वंय वहन करना होगा, जिसके लिए नगर निगम द्वारा पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
9. कार्य के अवधि के दौरान यदि सफल निविदादाता द्वारा नियोजित कार्मिकों के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी क्षतिपूर्ति के लिए सफल निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा। सफल निविदादाता द्वारा उक्त कार्य किए जाने हेतु उपयोग में लाए जा रहे वाहनों को संचालित करने के सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
10. निविदा के साथ संलग्न किये जाने वित्तीय अभिलेख/प्रमाण पत्र की वैधता अवधि निविदा डालने (Bid Submition Date) की तिथि से अग्रिम 90 दिनों तक के लिए होनी अनिवार्य है।
11. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी एवं स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
12. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।
13. निविदा खोले जाने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर ही खोली जायेगी।
14. अनुबन्ध में वर्णित शर्तों के इतर सफल निविदादाता की कोई शर्त एवं दावा मान्य नहीं होगा।
15. किसी भी विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा दिया गया निर्णय सर्वमान्य होगा। यदि आपूर्तिकर्ता उस निर्णय से सहमत न हो तो प्रकरण आर्बीट्रेटर के माध्यम से निपटाया जायेगा। इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर आर्बीट्रेटर होगें। अपरिहार्य कारणों से जिलाधिकारी महोदय के आर्बीट्रेटर न होने की दशा में उनके द्वारा आर्बीट्रेटर नियुक्त किया जायेगा।

16. आर्बीट्रेटर का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। आर्बीट्रेटर के न्यायालय में पक्षकार अपने दावों के समर्थन में जो भी अभिलेख प्रस्तुत करेगें, उसका वहन पक्षकारों द्वारा स्वयं किया जायेगा। आर्बीट्रेटर की फीस का वहन पक्षकारों द्वारा आधा–आधा वहन करना होगा।

| | | |
|---|---|---|
| (अशोक डबराल)<br>प्रधान लिपिक<br>नगर निगम, रूद्रपुर | (उदयवीर सिंह)<br>सफाई निरीक्षक<br>नगर निगम, रूद्रपुर | (राजू नबियाल)<br>सहायक नगर आयुक्त<br>नगर निगम, रूद्रपुर |
| (जुबक मोहन सक्सेना)<br>वरिष्ठ वित्त अधिकारी<br>नगर निगम, रूद्रपुर | (विशाल मिश्रा)<br>नगर आयुक्त<br>नगर निगम, रूद्रपुर | (रामपाल सिंह)<br>महापौर<br>नगर निगम, रूद्रपुर |